10.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

○ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आज प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव सहित विभिन्न आयोजन–मुख्यमंत्री ने हर साल 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की।

○ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां बताया।

○ स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन – के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल से देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा।

○ अजमेर में 13 दिसम्बर को राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

000

जयपुर में चल रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दूसरे दिन की शुरूआत प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव से हुई। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थानी जहां जहां जाकर बसे हैं वहां की अर्थव्यवथा में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का अधिकार है। उन्होंने प्रवासियों का आह्वान किया कि वे मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए यहां निवेश करें। समिट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए एक विशेष विभाग बनाया जाएगा। साथ ही, 10 दिसंबर को हर साल प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में पहली बार हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान देने का निर्णय लिया है। प्रवासी राजस्थानियों के परिवारों को किसी तरह की समस्या आती है, तो इसके लिए हर जिले में सिंगल प्वाइंट कॉन्टेक्ट बनाया जाएगा। श्री शर्मा ने राजस्थान में अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां का हर कोना, अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, संस्कृति और विविधताओं का दर्शन करवाता है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां उन्हें हर संभव सुविधाएं मिलेंगी।

..................

कार्यक्रम को सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने भी संबोधित किया। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि वे साल में एक बार जरूर अपने गांव जाएं तथा सब मिलकर राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

प्रवासी उद्योगपति निर्मल कुमार सेठिया समेत अन्य प्रवासी राजस्थानियों ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले पश्चिमी राजस्थान के 108 लंगा एवं मांगणियार बाल–कलाकारों ने 'पधारो म्हारे देस' लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। सम्मेलन में आज और भी आयोजन हुए।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों और गरिमा की सुरक्षा के मद्दे नजर समान डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी है, लेकिन इससे साइबर बुलिंग, डीप फेक, गोपनीयता संबंधी चिंताएं और गलत सूचना के प्रसार जैसे मुद्दे भी सामने आये हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू कर के दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया है।

...............

राष्ट्रपति ने मानवाधिकार उल्लंघनों को दूर करने, जागरूकता लाने और हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए नीतिगत बदलावों की सिफारिश करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सराहना की। प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर विभिन्न आयोजन हुए। करौली, सवाईमाधोपुर और पाली सहित विभिन्न जिलों में विशेष कार्यक्रम हुए।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कल जयपुर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जयपुर में एक कौशल विकास केन्द्र का उद्घाटन करेंगे।

000

स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन – एस आई एच 2024 के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस ग्रैंड फिनाले में 13 सौ से अधिक विद्यार्थी टीम हिस्सा लेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रैंड फिनाले में युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। इस वर्ष 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और उद्योगों ने 250 से अधिक समस्या संबंधी वक्तव्य जमा कराए हैं। जयपुर का मणिपाल विश्वविद्यालय, स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन के 51 केन्द्रों में शामिल है। केन्द्र के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि ये केन्द्र ग्रैंड फिनाले की मेजबानी के लिए तैयार है।

000

अजमेर में 13 दिसंबर को राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन राज्य की भजन लाल शर्मा सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान और पशुपालक भाग लेंगे। सम्मेलन की तैयारियों के लिए संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा और अन्य अधिकारियों ने कार्यस्थल का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित मंत्रीगण और जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। इस अवसर पर राज्य भर से एक लाख 13 हजार 700 किसानों को लाभान्वित किया जाएगा और सरकार करीब 504 करोड़ रुपये का लाभांश किसानों को देगी।

000

दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में बोरवेल हादसे में बच्चे को सकुशल बाहर निकालने के लिए सरकार ने तेजी से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। आपदा मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि विभाग की ओर से दौसा जिला प्रशासन को 10 लाख रुपए जारी किए गए हैं ताकि राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा सके। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम में आज उनके विभाग का प्रेजेंटेशन समाप्त होते ही वे कालीखाड गांव में जाएंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार को जरूरत पड़ने पर इस कार्य में और संसाधन लगाने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि कल पांच साल का बच्चा आर्यन 160 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया था।

000

रसद विभाग ने सक्षम परिवारों के लिए एनएफएस योजना से नाम हटवाने के लिए "गिव अप अभियान" शुरू किया है। सलूंबर जिला रसद अधिकारी दीपक कुल्हार ने बताया कि अभियान के तहत अपात्र लाभार्थियों से स्वेच्छा से नाम हटवाने की अपील की जा रही है। अपात्र परिवारों में आयकरदाता और सरकारी या अर्ध–सरकारी नौकरी करने वालों, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय वाले या चार पहिया वाहन मालिकों को रखा गया है।

000

पाली संभाग में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन किया गया है, जिसमें रेंज के सभी जिलों से चयनित 44 महिला पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है। इन चयनित महिला पुलिस कर्मियों को रेंज कार्यालय में एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाले छेड़छाड़ और अन्य अप्रिय घटनाओं की रोकथाम करना है। यह यूनिट महिलाओं और बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित करेगी। साथ ही बेटियों को मजबूत बनाने के लिए स्कूल–कॉलेजों में बालिकाओं को प्रशिक्षण भी देगी।

**000**

भरतपुर के रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए एक शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर रानी लक्ष्मीबाई केंद्र योजना के तहत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए सक्षम बनाना है।

**000**

चूरू जिले में बीएसएनएल की फोर जी सेवा शुरू कर दी गई है। यह सेवा जिले के 101 गांवों में उपलब्ध होगी। जिले की राजगढ़ तहसील को छोड़कर छह ब्लॉक में यह सेवा उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध रहेगी। इस सेवा के लिए जिले भर में 45 टावर्स को अपग्रेड किया गया है, जबकि पांच नए टावर्स भी लगाए गए हैं।

**000**